>

Title: Issue regarding compulsory educational tour in private schools.

**श्री सतपाल महाराज (गढ़वाल):** उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान प्राइवेट स्कूलों द्वारा कम्प्लसरी एजुकेशन टूर के नाम पर विदेशों में ले जाने के लिए लाखों रुपए मांगे जाते हैं। हर छात्र के माता-पिता इतने सक्षम नहीं होते हैं। स्कूलों कें अंदर रिक्शावाला, तांगेवाला और गरीब किसानों के बच्चे भी पढ़ते हैं। अगर स्कूल कम्प्लसरी एजुकेशन टूर के लिए लाखों रुपए मांगेंगे तो यह पैसा माँ-बाप के लिए देना सम्भव नहीं है।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वह स्कूलों द्वारा कम्प्लसरी एजुकेशन टूर के नाम पर आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार को रोकने के लिए समुचित कार्यवाही करें।